राजस्थान लोक सेवा आयोग

एफः 7(01) भर्ती 'क'/S.O./2021–22/188 दिनांक :13.07.2022

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

सांख्यिकी अधिकारी, आयोजना विभाग (आर्थिक एवं सांख्यिकी) के पदों की सीधी भर्ती 2021 हेतु दिनांक 01.06.2022 को जारी विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउन्सलिंग के माध्यम से आयोग कार्यालय में दिनांक 29.06.2022 एवं 30.06.2022 को संपादित की गई। उक्त काउन्सलिंग में अनुपस्थित रहे 18 अभ्यर्थियों को एक अवसर देते हुए दिनांक 18.07.2022 को पुनः काउन्सलिंग आयोजन किया जा रहा है। पूर्व में अनुपस्थित रहे सभी 18 अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in से विस्तृत आवेदन पत्र, काउन्सलिंग लैटर, निर्धारित प्रपत्र एवं आवश्यक दिशा–निर्देश डाउनलोड कर आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) की समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर सम्बन्धित शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, जाति, मूल–निवास एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां (एक प्रति में) संलग्न कर मूल दस्तावेजों सहित निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोग कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। अभ्यर्थियों को इसके बाद कोई अवसर नहीं दिया जाएगा।

काउन्सलिंग में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा कोरोना (Covid-19) महामारी के संबंध में जारी गाईडलाईन की पूर्णतः पालना करें। काउन्सलिंग हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

(हरजी लाल अटल)
सचिव